Title: Need to provide telephone facilities in Panvel Tehsil of Raigarh District of Maharashtra.

श्री रामशेठ ठाकुर (कुलाबा): सभापति जी, महाराष्ट्र राज्य के रायगढ़ जिले के पनवेल तहसील में कोलम्बे, डेरवली, पलस्पे, शिरढोण, सुकापुर, नेरे आदि गांव जो पनवेल शहर के बिल्कुल नजदीक हैं, इन गांवों की आबादी लगभग बीस हजार के आसपास है। इन्हीं गांवों के चारों तरफ इंडस्ट्रीज बढ़ रही है और पूरा इलाका शहरी बन रहा है। लेकिन कोई भी टेलीफोन की सुविधा नहीं मिल रही है। लोगों को टेलीफोन सुविधा उपलब्ध न होने के कारण बहुत परेशानी सहन करनी पड़ती है।

इसलिए केन्द्र सरकार से मैं आग्रह करता हूं कि ऊपर निर्देशित गांवों में एम.टी.एन.एल. द्वारा टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध करा दी जाये।